ऐतिहासिक अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज़ी मुकाबले ‘द जंगल रंबल’ का राजधानी रायपुर में हुआ आयोजन

चर्चा में क्यों?

17 अगस्त, 2022 को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के सरदार बलबीर सिंह जुनेजा स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज़ी मुकाबले ‘द जंगल रंबल’का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के एक मुकाबले में पेशेवर भारतीय मुक्केबाज़ विजेंदर सिंह ने घाना के एलियासु सुले को हराया।

प्रमुख बिंदु

- अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज़ी मुकाबले ‘द जंगल रंबल’प्रतियोगिता में पाँच रोचक मुकाबले हुए। लाइट वेट ग्रुप में पहला मुकाबला अमेय नितिन और असद आसिफ खान के बीच हुआ। इस मुकाबले में असद ने बाजी मारी। वहीं दूसरा मुकाबला आशीष शर्मा और कार्तिक सतीश कुमार के बीच हुआ, जिसमें कार्तिक सतीश कुमार विजेता घोषित किये गए। तीसरा मैच शैकोम और गुरप्रीत सिंह के बीच हुआ। गुरप्रीत सिंह इस मैच के विजेता बने।
- मुक्केबाज़ी का चौथा मुकाबला सचिन नौटियाल बनाम फैजान अनवर के बीच हुआ। सचिन नौटियाल प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी फैजान के पंच से पस्त हुए और रिंग छोड़ बाहर चले गए। खेल के नियमों के तहत रेफरी ने फैजान को विजेता घोषित किया।
- बॉक्सिंग की इस प्रतियोगिता में सबसे ज़्यादा आकर्षण का केंद्र पेशेवर भारतीय मुक्केबाज़ विजेंदर सिंह और घाना के एलियासु सुले के बीच हुआ मुकाबला रहा। इस मैच में विजेंदर सिंह ने अपने तगड़े पंच से एलियासु सुले को मात दी। ‘द जंगल रंबल’के पाँचवें और इस आखिरी मुकाबले में केवल 02 मिनट 07 सेकेंड में ही एलियासु को धूल चटा दी।
- गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में ये पहला पेशेवर मुक्केबाज़ी मुकाबला है। भारत के पहले पेशेवर मुक्केबाज़ विजेंदर सिंह इस मुकाबले के लिये बड़े पैमाने पर प्रशिक्षण ले रहे थे।
- उल्लेखनीय है कि 8 जून को प्रोफेशनल मुक्केबाज़ विजेंदर सिंह ने मुख्यमंत्री भूपेंद्र बघेल से मुलाकात की थी और छत्तीसगढ़ में प्रोफेशनल बॉक्सिंग मैच का आयोजन करने के लिये अनुरोध किया था। मुख्यमंत्री ने इस अनुरोध को स्वीकार किया था और उसी तारतम्य में मुख्यमंत्री की पहल पर राजधानी रायपुर में अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग मुकाबला आयोजित किया गया। विजेंदर सिंह लगभग 19 महीनों के बाद रिंग में उतरे थे।
- छत्तीसगढ़ में खेलों को बढ़ावा देने के प्रयासों के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में खेल अकादमी की स्थापना की गई है और खेलों के लिये अलग से प्राधिकरण भी बनाया गया है। इससे आधारभूत सुविधाओं के विकास और खिलाड़ियों को सँवारने के काम एक साथ होंगे।
- बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में क्रिकेट का रोड सेफ्टी मैच हुआ। कई बड़े खिलाड़ियों ने अपने खेल का प्रदर्शन किया है। महिला हॉकी में पहले ही राज्य का प्रतिनिधित्व रहा है, अब कॉमनवेल्थ गेम्स में राज्य की बिटिया आरुषि कश्यप ने बैडमिंटन में मेडल जीता है। तीरंदाज़ी में भी यहाँ अनेक संभावनाएँ हैं। ऐसे आयोजनों से राज्य में खेलों को नया आयाम मिलेगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/historic-international-boxing-match-the-jungle-rumble